# कार्यपत्र-16

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) जिस वाक्य में कर्म की प्रधानता हो, उसे कहते हैं– (ii) कर्मवाच्य ✓

(ख) 'मुझसे चला नहीं जाता।' – वाक्य में कौन-सा वाच्य है? (i) भाववाच्य ✓

(ग) इनमें कर्तृवाच्य का उदाहरण कौन-सा है? (iv) संदीप पार्क में खेल रहा है। ✓

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में कर्मवाच्य का उदाहरण नहीं है– (iii) करुणा दौड़ रही है। ✓

(ङ) 'बच्चे पतंग उड़ा रहे हैं।' – वाक्य में वाच्य भेद पहचानिए। (ii) कर्तृवाच्य ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) क्रिया का जो रूप यह बताए कि क्रिया में कर्ता, कर्म या भाव प्रधान है, वह वाच्य कहलाता है।

जैसे– विनय खेल रहा है। (कृर्तवाच्य)

विनय के द्वारा खेला जा रहा है। (कर्मवाच्य)

विनय से खेला नहीं जाता। (भाववाच्य)

(ख) जिन वाक्यों में क्रिया का प्रभाव कर्ता पर पड़े, वे कर्तृवाच्य कहलाते हैं; जैसे– मोहन पुस्तक पढ़ रहा है।

जिन वाक्यों में क्रिया का प्रभाव कर्म पर पड़े, वे कर्मवाच्य कहलाते हैं; जैसे– मोहन के द्वारा पुस्तक पढ़ी जा रही है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में वाच्य-भेद लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) बंदर पेड़ पर उछल-कूद कर रहे हैं। | कर्तृवाच्य |
| (ख) पारूल से सोया नहीं जाता। | भाववाच्य |
| (ग) भव्या के द्वारा गरीबों को कंबल बाँटे गए। | कर्मवाच्य |
| (घ) मेरे द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया गया। | कर्मवाच्य |
| (ङ) प्रीति कपड़े धो रही है। | कर्तृवाच्य |
| (च) हमसे अब देखा नहीं जाता। | भाववाच्य |

**4. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) सचिन खा नहीं रहा है। | (भाववाच्य में) | सचिन से खाया नहीं जाता। |
| (ख) अध्यापक ने बच्चों को पढ़ाया। | (कर्मवाच्य में) | अध्यापक के द्वारा बच्चों को पढ़ाया गया। |
| (ग) मंत्री जी के द्वारा उद्घाटन किया गया। | (कर्तृवाच्य में) | मंत्री जी ने उद्घाटन किया। |
| (घ) वह सीढ़ियों पर नहीं चढ़ सकता। | (भाववाच्य में) | उससे सीढ़ियों पर चढ़ा नहीं जाता। |
| (ङ) राजू पुस्तक पढ़ रहा है। | (कर्मवाच्य में) | राजू के द्वारा पुस्तक पढ़ी जा रही है। |

**5. निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही या गलत लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) वाच्य में कर्ता, कर्म या क्रिया की प्रधानता होती है। | सही |
| (ख) कर्मवाच्य में भाव की प्रधानता होती है। | गलत |
| (ग) कर्तृवाच्य वाक्य में क्रिया का प्रभाव कर्ता पर पड़ता है। | सही |
| (घ) कर्मवाच्य में 'से' तथा 'के द्वारा' का प्रयोग होता है। | सही |
| (ङ) भाववाच्य वाक्य में केवल कर्म ही प्रधान होता है। | गलत |